अमर उजाला

Date: 18.09.2024

# विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

## निर्भीक होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं : वीसी

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली को सीआरएसयू के कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को 5 अक्तूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो स्लोगन लिखी तख्ती हाथों में लेकर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। डॉ. रणपाल सिंह ने कहा कि निर्भीक होकर मतदान करें और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। कुलपति ने कहा कि हर मतदाता वोट जरूर डालें। उन्होंने कहा कि जैसा उत्साह और अनुशासन आज दिख रहा है वैसा ही मतदान के दिन भी दिखना चाहिए।

कुलपति ने कहा कि स्लोगन, प्रभातफेरी, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित कई गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने आसपास व आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करें, ताकि लोकतंत्र को और अधिक मजबूत किया जा सके। इस दौरान स्वीप सहायक नोडल अधिकारी ख्याली राम, एनसीसी अधिकारी सुमन पूनिया और इतिहास विभाग से जगपाल सिंह मौजूद रहे।




जागरुकता रैली को रवाना करते हुए वीसी डॉ. रणपाल सिंह। स्रोत : विश्वविद्यालय

### बच्चों ने मतदाता जागरूकता के लिए निकाली प्रभातफेरी

जींद। स्वीप कार्यक्रम के तहत रायचंदवाला गांव के सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों ने मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रभातफेरी निकाली। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य अनीता श्योराण ने की। उन्होंने प्रभातफेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मतदाता की भागीदारी जरूरी, नामक तख्ती पर लिखे स्लोगन हाथ में लिए हुए थे। अनीता श्योराण ने मतदाताओं से आह्वान किया कि प्रजातंत्र के इस महापर्व में हम सबकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। यह तभी संभव है जब हम शत प्रतिशत वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर स्कूल के मुख्य शिक्षक जगमेंद्र, अध्यापक व बीएलओ राजेश भेंट, विनोद कुमार, सुरेश, संदीप, किरण मौजूद रहे। संवाद



मतदान के प्रति जागरुक करने के लिए प्रभात फेरी निकालते बच्चे। स्रोत: स्कूल



मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकालते बच्चे। संवाद

## लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मतदान : सुनीता

### मंगलपुर और बड़ौदा के राजकीय स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली

संवाद न्यूज एजेंसी

उचाना। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं एडीसी विवेक आर्य के मार्गदर्शन में मंगलवार को गांव मंगलपुर व बड़ौदा के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली।

रैली की अगुवाई उचाना विधानसभा क्षेत्र से स्वीप कार्यक्रम की नोडल अधिकारी सुनीता नैन ने की। विद्यार्थियों ने स्लोगन के माध्यम से छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान लिखकर मतदाताओं को जागरूक किया। उचाना विधानसभा क्षेत्र से स्वीप कार्यक्रम अधिकारी सुनीता नैन ने कहा कि मतदान का अधिकार सर्वोत्तम अधिकार है। इसका प्रयोग बहुत सोच समझ कर करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में व्यक्ति का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मत देने का अधिकार है। लोगों को अपने इस अमूल्य मत का प्रयोग जाति, धर्म, संप्रदाय एवं संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर विकास, शिक्षा और रोजगार को ध्यान में रखकर करना चाहिए।

अमर उजाला

Date: 18.09.2024

# सुंदर लेखन व्यक्तित्व का होता है आइना : कुलपति



जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में राजभाषा हिंदी के सम्मान में 27 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मंगलवार को सुलेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को सुलेख लिखने के लिए गद्यांश दिया गया। इसमें देवनागरी लिपि के सभी वर्ण एवं अंक समाहित थे। कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने बताया कि सुंदर लिखाई से व्यक्ति की प्रतिभा उजागर होती है, इसलिए हर शब्द को सुंदर तरीके से लिखना चाहिए। सुंदर हस्त लेखन व्यक्ति के व्यक्तित्व का आइना होता है। सुंदर लेखन एक कला है। इस कला में महारत हासिल करने के लिए लगातार अभ्यास करने की जरूरत होती है। सुंदर तरीके से लिखे गए शब्द देखने वाले को अपनी तरफ आकर्षित करते है, इसलिए विद्यार्थियों को अपने अध्ययन के साथ लिखाई सुधार पर ध्यान देना चाहिए। सुंदर लेखन विद्यार्थी के लिए ब्रह्मास्त्र है। विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बेहद जरूरी हैं। संवाद



मतदाता जागरूकता रैली निकाली II



कालेज में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन III



# एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली जागरूकता रैली

जागरण संवाददाता ● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में मंगलवार को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।

इस जागरूकता रैली को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डा. रणपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और विद्यार्थियों को पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों द्वारा सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो श्लोगन लिखी तख्ती हाथों में लेकर दिया शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डा. रणपाल सिंह द्वारा मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए विधानसभा चुनाव में मतदान जरूर करने की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्भिक होकर मतदान करें और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि हर मतदाता वोट जरूर डाले।

जागो वोटर



सीआरएसयू में मतदान की शपथ दिलाते एनसीसी कैडेट्स। ● सौ. विश्वविद्यालय

उन्होंने कहा कि जैसा उत्साह और अनुशासन आज दिख रहा है, ऐसा ही मतदान के दिन भी दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्लोगन, प्रभात फैरी, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित अनेक गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने आस- पड़ोस व आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करें ताकि लोकतंत्र को और अधिक मजबूत किया जा सके। इस दौरान स्वीप सहायक नोडल अधिकारी ख्याली राम, एनसीसी अधिकारी सुमन पूनिया और इतिहास विभाग से जगपाल सिंह उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण
Date: 18.09.2024

# सुंदर लिखाई हमेशा प्रभावशाली होती है : डा. मंजूलता



विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में पहुंचे हिंदी विशेषज्ञ ● पीआरओ

जासं ● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में हिंदी के सम्मान में 12 सितंबर से 27 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मंगलवार को वैचारिक संवाद विषय पर सुंदर लेखन कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें चित्रकार दीपक कौशिक ने देवनागरी लिपि एवं रोमन लिपि के वर्णों को सुंदर रूप में कैसे लिखें, इसके बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय कुलपति डा. रणपाल सिंह ने कहा कि सुंदर लिखाई से व्यक्ति की प्रतिभा उजागर होती है। इसलिए हर शब्द को सुंदर तरीके से लिखना चाहिए। सुंदर हस्त लेखन व्यक्ति के व्यक्तित्व का आइना होता है। उन्होंने कहा कि सुंदर लेखन एक कला है।

पंजाब केसरी

Date: 18.09.2024

# सुन्दर लिखाई व्यक्ति के व्यक्तित्व का आईना है : डॉ. रणपाल सिंह

जींद, 17 सितम्बर (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में राजभाषा हिंदी के सम्मान में 12 से 27 सितम्बर तक हिंदी पखवाड़ा पर्व मनाया जा रहा है। उद्‌घाटन के अगले दिन विभाग में वैचारिक संवाद रहा।

हिंदी विभाग द्वारा सुलेख लेखन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें चित्रकार दीपक कौशिक ने देवनागरी लिपि एवं रोमन लिपि के वर्णों को सुन्दर रूप में कैसे लिखें की जानकारी व्यवहारिक रूप में विद्यार्थियों को दी।

सुलेख लेखन प्रतियोगिता भी हुई। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों को सुलेख लेखन के लिए एक गद्यांश दिया गया जिसमें देवनागरी लिपि के सभी वर्ण एवं अंक समाहित थे।



प्रतियोगिता में भाग लेते हुए।

विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने बताया कि सुंदर लिखाई से व्यक्ति की प्रतिभा उजागर होती है, इसलिए हर शब्द को सुंदर तरीके से लिखना चाहिए। सुंदर हस्त लेखन व्यक्ति के व्यक्तित्व का आइना होता है। उन्होंने कहा कि सुन्दर लेखन एक कला है।

इस कला में महारत हासिल करने के लिए लगातार अभ्यास करने की जरूरत होती है। सुंदर तरीके से लिखे गए शब्द देखने वाले को अपनी तरफ आकर्षित करते हैं, इसलिए विद्यार्थियों को अपने अध्ययन के साथ-साथ लिखाई सुधारने में भी पूरा ध्यान देना चाहिए। सुन्दर लेखन विद्यार्थी के लिए 'ब्रह्महस्त्र' है।

विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के लिए बेहद जरूरी हैं। इनसे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास में इजाफा होता है।

डॉ. मंजुलता ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि भाषा के ज्ञान के साथ-साथ लेखिम का भी सुलिखित होना अति आवश्यक है। सुन्दर लिखाई सदैव प्रभावकारी होती है और व्यक्तित्व की रचनात्मक अभिरुचि की परिचायक भी। सुलेख लेखन प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी पखवाड़े के समापन समारोह में पुरस्कृत होंगे।

# पंजाब केसरी

**Date: 18.09.2024**

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकालीं जागरूकता रैलियां

## छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान लिखकर किया मतदाताओं को जागरूक



*स्लोगन लिख कर मतदान के लिए जागरूक करते हुए विद्यार्थी।*



*राजकीय स्कूल बड़नपुर के बच्चे जागरूकता रैली निकालते हुए। (राजीव)*

जींद, 17 सितम्बर (संजीव) : गांव मंगलपुर व बड़ौदा के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली की अगुवाई उचाना विधानसभा क्षेत्र से स्वीप कार्यक्रम की नोडल अधिकारी सुनीता नैन ने की। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा स्लोगन के माध्यम से छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान लिख कर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

रैली के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदाता जागरूकता अभियान का संदेश पहुंचाया जा रहा है। साथ ही उसके माध्यम से मतदाताओं को जोड़ते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।

मतदाता जागरूकता रैली तहत ग्रामीण मतदाताओं को मत के महत्त्व बताने के साथ-साथ लोगों को मतदान प्रति जागरूक करने का प्रयास भी किया गया। साथ ही मतदाताओं से आग्रह किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर मतदान करें और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए मजबूत लोकतंत्र के लिए शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई।

सुनीता नैन ने कहा कि मतदान का अधिकार सर्वोत्तम अधिकार है। इसका प्रयोग बहुत सोच-समझकर करना चाहिए। इस लोकतंत्र में व्यक्ति का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मत देने का अधिकार है। लोगों को अपने इस अमूल्य मत का प्रयोग जाति, धर्म, संप्रदाय एवं संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर विकास, शिक्षा और रोजगार को ध्यान में रखकर करना चाहिए। पांच अक्तूबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए क्षेत्र में स्वीप के तहत अनूठे प्रयास किए जा रहे हैं।



*अधिक से अधिक मतदान को लेकर शपथ दिलाते हुए।*



*मतदाता जागरूकता रैली निकालते हुए छात्र।*

### विश्वविद्यालय कुलपति ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जींद (ललित) : स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य के मार्गदर्शन में मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एन.सी.सी. कैडेट्स और विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।

इस जागरूकता रैली को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डा. रणपाल सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया और विद्यार्थियों को 5 अक्तूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की शपथ दिलाई।

विद्यार्थियों द्वारा सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो स्लोगन लिखी तख्तियां हाथों में लेकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डा. रणपाल सिंह द्वारा मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए विधानसभा चुनाव में मतदान जरूर करने की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्भीक होकर मतदान करें और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

उन्होंने कहा कि हर मतदाता वोट जरूर डाले। स्लोग्न, प्रभातफेरी, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित अनेक गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने एन.सी.सी. कैडेट्स और विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने आस-पड़ोस व आमजन को मतदान प्रति जागरूक करें ताकि लोकतंत्र को और अधिक मजबूत किया जा सके। इस दौरान स्वीप सहायक नोडल अधिकारी ख्याली राम, एन.सी.सी. अधिकारी सुमन पूनिया और इतिहास विभाग से जगपाल सिंह उपस्थित रहे।

### रायचंदवाला के स्कूली बच्चों ने प्रभातफेरी निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं ए.डी.सी. विवेक आर्य के मार्गदर्शन में गांव रायचंदवाला के स्कूल की प्रधानाचार्य अनीता श्योराण के नेतृत्व में सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मतदाताओं को मतदान प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रभातफेरी निकाली गई।

इस अवसर पर स्कूल के मुख्य शिक्षक जगमेंद्र, अध्यापक व बी.एल.ओ. राजेश भेंट, विनोद कुमार, सुरेश, संदीप, किरण मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्रधानाचार्य अनीता श्योराण ने मंगलवार को स्कूली बच्चों द्वारा निकाली गई प्रभातफेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रभातफेरी दौरान विद्यार्थी मतदान में हर मतदाता की भागीदारी जरूरी नामक तख्ती पर लिखे स्लोगन हाथ में लिए हुए थे, जो मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे थे। उन्होंने मतदाताओं का आह्वान किया कि 5 अक्तूबर को हरियाणा विधानसभा के चुनाव होने हैं। प्रजातंत्र के इस महापर्व में हम सब की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए और यह तभी सम्भव है जब हम शत-प्रतिशत वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**नरवाना (राजीव):** पी.एम. श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़नपुर के विद्यार्थियों ने शत- प्रतिशत मतदान के लिए रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। स्कूल प्रिंसीपल संजय चौधरी ने बताया कि गांव में नागरिकों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने के लिए स्कूल के विद्यार्थियों ने एक जागरूकता रैली निकाली।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में मतदान के लिए प्रेरित किया गया। गांव के सरपंच गगनदीप व सभी पंचों ने भी शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

**Date: 18.09.2024**

# सुंदर लिखाई व्यक्ति के व्यक्तित्व का आईना है : डॉ. रणपाल सिंह



सीआरएसयू में आयोजित सुलेख प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

भास्कर न्यूज | जींद

सीआरएसयू में 12 से 27 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा पर्व मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत सुलेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने कहा कि सुंदर लिखाई से व्यक्ति की प्रतिभा उजागर होती है। इसलिए हर शब्द को सुंदर तरीके से लिखना चाहिए। सुंदर हस्तलेखन व्यक्ति के व्यक्तित्व का आईना होता है। उन्होंने कहा कि सुंदर लेखन एक कला है। इस कला में महारत हासिल करने के लिए लगातार अभ्यास करने की जरूरत होती है। विद्यार्थियों को अपने अध्ययन के साथ-साथ लिखाई सुधारने में भी पूरा ध्यान देना चाहिए। विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के लिए बेहद जरूरी है। इससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास में इजाफा होता है। डॉ. मंजूलता ने कहा कि भाषा के ज्ञान के साथ-साथ लेखन का भी सुलिखित होना अति आवश्यक है। सुंदर लिखाई सदैव प्रभावकारी होती है और व्यक्तित्व की रचनात्मक अभिरुचि की परिचायक भी।

हरिभूमि

Date: 18.09.2024



जींद। अधिक से अधिक मतदान को लेकर शपथ दिलाते हुए। फोटो:हरिभूमि

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली रैली

- विश्वविद्यालय कुलपति ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य के मार्गदर्शन में मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डा. रणपाल सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया और विद्यार्थियों को पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों द्वारा सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो स्लोगन लिखी तख्ती हाथों में लेकर दिया शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डा. रणपाल सिंह द्वारा मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए विधानसभा चुनाव में मतदान जरूर करने की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्भीक होकर मतदान करें और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।